केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (यू॰जी॰) – II
प्रवेश सूचना

एन॰ई॰ई॰टी॰ परीक्षा के आयोजन के संबंध में माननीय उच्चतम् न्यायालय के निर्देशानुसार तथा दिनांक 24 मई 2016 को उद्घोषित भारत सरकार के अध्यादेश के अनुसार भारत के मेडिकल/ डेंटल कॉलेज जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत भारतीय चिकित्सा परिषद/ भारतीय दंत परिषद की स्वीकृति से चलाये जाते है, में एम.बी.बी.एस/ बी.डी.एस कोर्सो में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा- II, 2016 (यू॰जी॰) (एन॰ई॰ई॰टी॰-II) जो कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित की जाएगी, के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा- II, 2016 (यू॰जी॰) (एन॰ई॰ई॰टी॰-II) निम्नलिखित में प्रवेश के लिए लागू होगी:-

i अखिल भारतीय कोटा सीटें

ii राज्य सरकार कोटा सीटें जहां कि संबंधित राज्य सरकार ऐसा चाहें

iii सभी निजी चिकित्सा/दांत-चिकित्सा महविद्यालयों या किसी निजी/डीम्ड विश्वविद्यालय में निजी/प्रबंधन/प्रवासी भारतीय कोटा सीटें

परीक्षा की पद्धति

एन॰ई॰ई॰टी॰-II परीक्षा में केवल एक ही पेपर होगा जिसमें भौतिकी, रसायन तथा जीव विज्ञान (वनस्पति एवं प्राणि विज्ञान) से 180 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (एक सही उत्तर सहित 4 विकल्प) होंगे। परीक्षा की अवधि पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक 3 घंटे की होगी।

पात्रता मानदण्ड

i) भारतीय नागरिक और भारत के विदेशी नागरिक राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा- II में बैठने के पात्र हैं।

ii) उम्मीद्वार ने एम.बी.बी.एस/ बी.डी.एस कोर्स प्रवेश के समय अथवा प्रवेश के वर्ष यानी 31 दिसम्बर 2016 तक या उससे पूर्व 17 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो।

iii) 15% अखिल भारतीय कोटा के तहत आंधा प्रदेश, जम्मू व कश्मीर तथा तेलांगना राज्यों को छोड़कर अन्य राज्यों के मेडिकल/ डेंटल कॉलेज में प्रवेश पाने वाले उम्मीद्वारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 31 दिसम्बर, 2016 को 25 वर्ष है तथा इसमे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 5 वर्ष की छूट है।

iv) अन्य राज्यों/ विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के नियंत्रणाधीन एमबीबीएस/ बीडीएस सीटों में प्रवेश प्राप्त करने वाले उम्मीद्वारों के लिए अधिकतम आयु सीमा संबंधित राज्यों/विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के नियमों के अनुसार होगी।

v) उम्मीद्वार को भौतिकी, रसायन-शास्त्र, जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी एवं अंग्रेजी विषयों में अलग-अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को अर्हक परीक्षा में भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान/जैव-प्रौद्योगिकी को मिलाकर कम से कम 50% अंक प्राप्त किए होने चाहिए और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित उम्मीदवारों द्वारा 50% की बजाय 40% अंक प्राप्त किए होने चाहिए। इसके अतिरिक्त, निचले अंगों की गतिक अपंगता/ निःशक्तता वाले सामान्य श्रेणी के शारीरिक रूप से विकलांग के लिये 45% अंक एवं अनुसूचित जाति-शारीरिक रूप से विकलांग/ अनुसूचित जनजाति-शारीरिक रूप से विकलांग/ अन्य पिछड़ा वर्ग-शारीरिक रूप से विकलांग के लिये 40% अंक होना आवश्यक है। वर्ष 2016 में परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी भी अस्थायी/अनंतिम रूप से प्रवेश परीक्षा में बैठ सकते हैं बशर्ते कि वे बाद में सभी शर्तों को पूरा कर लें।

vi) आंध्रप्रदेश, तेलंगाना तथा जम्मू एवं कश्मीर राज्य के उम्मीदवार 15% अखिल भारतीय कोटा सीटों के पात्र नहीं हैं क्योंकि इन राज्यों ने अखिल भारतीय कोटा सीट योजना को नहीं चुना है। फिर भी ऐसे उम्मीदवार निजी चिकित्सा/दांत-चिकित्सा महविद्यालयों या किसी निजी/डीम्ड विश्वविद्यालय और ए॰एफ॰एम॰सी॰, पुणे में प्रवेश के लिए एन॰ई॰ई॰टी॰- II में शामिल होने के पात्र हैं।

एन॰ई॰ई॰टी॰- II में कौन आवेदन कर सकते है।

माननीय उच्चतम् न्यायालय के रिट याचिका (सिविल) संख्या 261/ 2016 व अन्य संबन्धित मामलों में दिनांक 9 मई, 2016 को दिये गए निर्देशानुसार निम्नलिखित उम्मीद्वार एन॰ई॰ई॰टी॰- II में आवेदन कर सकते है:

क) बचे हुए अभ्यर्थी जो ए.आई.पी.एम.टी.- 2016/ एन॰ई॰ई॰टी॰- I में पंजीकरण नहीं करा सके थे।

ख) अभ्यर्थी जो ए.आई.पी.एम.टी. - 2016/ एन॰ई॰ई॰टी॰- I में पंजीकृत थे परंतु एन॰ई॰ई॰टी॰- I में उपस्थित नहीं हो सके थे।

ग) एन॰ई॰ई॰टी॰- I के दावे को त्यागने की शर्त पर वह अभ्यर्थी जो ए.आई.पी.एम.टी. – 2016/ एन॰ई॰ई॰टी॰- I में पंजीकृत थे व एन॰ई॰ई॰टी॰- I में उपस्थित हुए थे परंतु जिन्हे आशंका है की वह अच्छी प्रकार तैयारी नहीं कर पाये थे।

परीक्षा कि तिथि :	**24 जुलाई, 2016**	
समय-सारणी और शुल्क विवरण		
	ई-चालान द्वारा शुल्क हेतु	अन्य प्रकार से शुल्क हेतु
ऑनलाइन आवेदन करने की समय-सारणी	26.05.2016 (गुरुवार) से 21.06.2016 (मंगलवार) (मध्य रात्रि 00.00) तक	26.05.2016 (गुरुवार) से 25.06.2016 (शनिवार) (मध्य रात्रि 00.00) तक
शुल्क के सफलतापुर्वक भुगतान की अंतिम तिथि	25.06.2016 (शनिवार) (मध्य रात्रि 00.00) तक	25.06.2016 (शनिवार) (मध्य रात्रि 00.00) तक
शुल्क विवरण	**सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए**	**अ.जा/अ.ज.जा/शा.वि.**
	रू॰ 1400/-	रू॰ 750/-

मेडिकल/ डेंटल कॉलेजों में सीटों और प्रवेश के लिए आरक्षण

1. उम्मीद्वारों की अखिल भारतीय मेरिट लिस्ट एवं अखिल भारतीय रैंक, राष्ट्रिय पात्रता व प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी एवं उम्मीदवारों को केवल उसी लिस्ट से मौजूदा आरक्षण की नीतियों का पालन करते हुए एम.बी.बी.एस. / बी.डी.एस. कोर्स में प्रवेश दिया जाएगा।
2. एम.बी.बी.एस. / बी.डी.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल संबंधित श्रेणियों में राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
3. मेडिकल / डेंटल कॉलेजों में प्रवेश के लिए अन्य सभी मौजूदा पात्रता मानदंड संबन्धित राज्य / संघ राज्य / संस्था / विश्वविद्यालय की नीतियों के अनुसार लागू होंगे।

सामान्य सेवा केन्द्र / सुविधा केन्द्र

आवश्यकता होने पर अभ्यर्थी आवेदन फार्म भरने के लिए सामान्य सुविधा केन्द्रों की सहायता ले सकते हैं। सुविधा केन्द्रों की सूची वेबसाइट **www.aipmt.nic.in** पर उपलब्ध है

आवेदन कैसे करें।

- उम्मीद्वार केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।
- ऑनलाइन आवेदन केवल बोर्ड की वैबसाइट www.aipmt.nic.in पर ही उपलब्ध है। दिशा निर्देश और फीस का विवरण वैबसाइट पर उपलब्ध है।
- उम्मीदवार निम्न प्रकार फीस जमा करा सकते है:
  - क) किसी भी डेबिट/ क्रेडिट कार्ड द्वारा भुगतान सेवा का उपयोग करके या
  - ख) ई- चालान द्वारा जो कि बोर्ड कि वैबसाइट www.aipmt.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है, सिंडिकेट बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आई.सी.आई.सी.आई बैंक या एच.डी.एफ़.सी बैंक के माध्यम से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के खाते में फीस जमा कर के । (उम्मीद्वार जिन्होने ई-चालान द्वारा फीस भरने का फैसला किया है उनके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तारीख़ 21 जून, 2016 है)
- नेट बैंकिंग
- सामान्य सेवा केंद्र के ई-वॉलट से

सूचना बुलेटिन

परीक्षा, पाठ्यक्रम, प्रवेश/ शामिल होने के पात्रता मानदंड, आरक्षण, परीक्षा शुल्क, परीक्षा के शहर, पात्रता का राज्य कोड, आयु, आदि की विस्तृत जानकारी सूचना बुलेटिन में वेबसाइट **www.aipmt.nic.in** पर उपलब्ध है। उम्मीदवार विस्तृत सूचनाओं के लिए ऑनलाइन उपलब्ध सूचना बुलेटिन देख सकते हैं।

पता

उप- सचिव (परीक्षा)
राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा एकक,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2-सामुदायिक केन्द्र,
प्रीत विहार, दिल्ली - 110092

संपर्क का विवरण

वेबसाइट	www.aipmt.nic.in
ई-मेल	aipmt.cbse@nic.in
दूरभाष सं॰	011-22509256-59, 22521081
फैक्स सं॰	011-22509251

विशेष कार्याधिकारी
एन॰ई॰ई॰टी॰,के॰मा॰शि॰बो॰